देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 19.04.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया जाएगा।
- चमोली जिले में सेंजी के समीप एक वाहन के खाई में गिरने से पांच लोगों की मृत्यु।
- देहरादून जिला प्रशासन, निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी और किताबों तथा ड्रेस की जबरन बिक्री को लेकर सख्त कार्रवाई कर रहा है।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।

परीक्षा परिणाम

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज जारी किया जाएगा। इस बार छात्र अपने परीक्षा परिणाम न केवल उत्तराखंड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे, बल्कि पहली बार रिजल्ट स्कूल के पोर्टल पर भी उपलब्ध होगा। इस बीच, संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन 2025 का परिणाम भी आज घोषित किया जाएगा।

दुर्घटना

चमोली जिले में बिरही निजमुला मार्ग पर सेंजी के समीप कल शाम एक कार के खाई में गिरने से उसमें सवार सभी पांच लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही राज्य आपदा मोचन बल और पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मृतकों को खाई से बाहर निकाला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

स्पष्टता

केंद्र सरकार ने सरकार द्वारा दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। एक वक्तव्य में वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया की सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी केवल

मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं।

कृषक आय बढोतरी–1

उत्तराखंड सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए मिलेट्स, कीवी और ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने की योजनाएं शुरू की हैं। इससे राज्य के तीन लाख से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा।

राज्य कैबिनेट ने मिलेट्स पॉलिसी, कीवी नीति और ड्रैगन फ्रूट योजना को मंजूरी दी है। मिलेट्स पॉलिसी के अंतर्गत 2030–31 तक 11 पर्वतीय जिलों में लगभग एक सौ पैंतीस करोड़ रुपए की योजना चलाई जाएगी। इसमें मंडुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी और चीना उगाने वाले किसानों को बीज और जैव उर्वरक पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। पंक्ति बुवाई पर चार हजार और सीधी बुवाई पर दो हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर विकासखंड में एक मिलेट प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी और हर साल दो उत्कृष्ट किसानों या समूहों को सम्मानित किया जाएगा।

कृषक आय बढोतरी–2

कीवी नीति के तहत 2030–31 तक कीवी की बागवानी के लिए प्रति एकड़ 12 लाख रुपए की लागत में से 70 प्रतिशत सरकारी सहायता दी जाएगी। यह नीति राज्य के 11 जिलों में लागू होगी, जिससे लगभग सत्रह हजार पांच सौ किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना के लिए 894 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है और तीन हजार पांच सौ हेक्टेयर में कीवी की खेती का लक्ष्य रखा गया है।

ड्रैगन फ्रूट योजना के तहत उधमसिंहनगर, हरिद्वार, नैनीताल, बागेश्वर, पौड़ी, देहरादून और टिहरी में आधुनिक तकनीक से खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। 2027–28 तक इस योजना पर 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे 450 किसान लाभान्वित होंगे। योजना में प्रति एकड़ 8 लाख की लागत में से 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य

प्रदेश सरकार चार धाम के यात्रियों के लिए इस बार स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष सुविधाएं जुटा रही है। इसी क्रम में श्रीनगर और देहरादून में चिकित्सक और मेडिकल स्टॉफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं, आपदाओं और सीमित संसाधनों में आपात चिकित्सा सेवाएं देने की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित मेडिकल टीम को जल्द ही यात्रा मार्गों और पड़ावों पर तैनात किया जाएगा। डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि तीर्थयात्रियों को अधिक ऊंचाई पर सांस लेने में तकलीफ, ऑक्सीजन की कमी, रक्तचाप में उतार–चढ़ाव, पैरों में छाले और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि डॉक्टरों को इन परिस्थितियों में तुरंत उपचार शुरू करने का व्यावहारिक अनुभव हो।

## सख्ती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर देहरादून जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की मनमानी, फीस बढ़ोतरी और किताबों–ड्रेस की जबरन बिक्री को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में गठित कोर टीम ने अब तक 25 प्रतिष्ठित निजी स्कूलों की जांच की, जिनमें कई स्कूलों द्वारा पिछले पांच वर्षों में 35 प्रतिशत तक फीस बढ़ाए जाने की बात सामने आई है। जांच के बाद जिलाधिकारी ने सभी स्कूलों को अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही फीस वृद्धि की अनुमति दी है। निर्देशों के बाद अधिकांश स्कूलों ने फीस घटाकर तय मानकों के अनुरूप कर दी है। स्कूलों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे अभिभावकों को किसी एक दुकान से किताबें या ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर न करें। इस निर्देश के बाद कई स्कूलों ने दिशा–निर्देश जारी कर कहा है कि अभिभावक अब कहीं से भी किताबें और गणवेश खरीद सकते हैं। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि अगर किसी स्कूल ने मानकों का उल्लंघन किया तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में आज आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना भी है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार आज और कल राज्य के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी रफ्तार तीस से सत्तर किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है। मौसम की चेतावनी के मद्देनजर आम लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

कार्रवाई

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कार्यों में लापरवाही और कार्यालय में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर मुख्य अभियंता, पीएमजीएसवाई कुमाऊं क्षेत्र अल्मोड़ा, को उनके मूल विभाग– सिंचाई विभाग में वापस भेज दिया गया है। यह कार्रवाई ग्राम्य विकास सचिव के निर्देश पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की गई। कार्य की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण की कमी, अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण न होने और मुआवजा वितरण में धीमी प्रगति के चलते यह कार्रवाई की गई। कुमाऊं क्षेत्र में विभिन्न सड़कों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। दन्या–आरा–सल्पड़ मोटर मार्ग की खराब गुणवत्ता पर कार्रवाई न होने के चलते अधीक्षण अभियंता और प्रभारी अधिशासी अभियंता तथा सहायक अभियंता को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी अधिकारियों को दो दिन के भीतर संतोषजनक जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर सचिव

उत्तराखंड शासन में अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने नैनीताल जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपर सचिव ने जिले के धारी विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होनें स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास, कृषि, उद्यान, शिक्षा, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण व अन्य विभागों की प्रगति की जानकारी ली और बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को संस्थागत प्रसव बढ़ाने, समाज कल्याण विभाग को पेंशन व छात्रवृत्ति योजनाओं में पात्रता पूर्व स्वीकृति के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, कृषि व उद्यान विभाग को ड्रैगन फ्रूट, पॉलीहाउस वितरण जैसी योजनाओं का लाभ पात्र काश्तकारों तक पहुंचाने व व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा गया।

रेडक्रॉस

प्रदेश के सभी कॉलेजों में यूथ रेडक्रॉस का गठन किया जा रहा है, जिससे लगभग पांच लाख यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवक तैयार किए जाएंगे। ये स्वयंसेवक जूनियर रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के साथ मिलकर जनजागरण अभियानों में सक्रिय सहभागिता करेंगे। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. नरेश चौधरी ने मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन से भेंट कर उन्हें रेडक्रॉस की ओर से किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए यह बताया। डॉ. नरेश चौधरी ने स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता के लिए इंडियन रेडक्रॉस को एनजीओ के रूप में नेतृत्व करने का प्रस्ताव भी मुख्य सचिव को सौंपा। इस दौरान श्री बर्द्धन ने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस स्वयंसेवक ने आपदाओं और कुंभ मेलों में उत्कृष्ट काम किया है, और इसे उत्कृष्ट बनाने की संभावनाओं पर कार्य किया जाना चाहिए।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

वक्फ को लेकर आयोजित वक्फ संसोधन जनजागरण अभियान पर देहरादून में हुई कार्यशाला की ख़बर को लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– जमीनों की जांच होगी, कब्जे हटेंगे। दैनिक जागरण का शीर्षक है – गरीब मुस्लिम वर्ग के कल्याण के लिए होगा परिसंपत्तियों का उपयोग।

बंगाल हिंसा पर विदेश मंत्रालय की टिप्पणी भी सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– अपने गिरेबां में झांके बांग्लादेश, मुर्शिदाबाद पर ज्ञान न दें। हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– बांग्लादेश नसीहत ना दे, अल्पसंख्यकों की रक्षा करे।

चमोली जिले में वाहन दुर्घटना की ख़बर पर नवोदय टाइम्स ने लिखा है – चमोली में बारात से लौट रही कार खाई में गिरी, पांच की मौत।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

(ST on Background in Slow Sound)

- उत्तराखंड बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया जाएगा।
- चमोली जिले में सेंजी के समीप एक वाहन के खाई में गिरने से पांच लोगों की मृत्यु।
- देहरादून जिला प्रशासन, निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी और किताबों तथा ड्रेस की जबरन बिक्री को लेकर सख्त कार्रवाई कर रहा है।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।